# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

जिला-बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत 494001

**Bastar Vishwavidyalaya, Jagdalpur**

(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494005, Phone 07782-229037, Fax 07782-229226, www.bvvjdp.ac.in


# विद्यापरिषद

## की बैठक दिनांक 07.04.2018

- कार्यवाही विवरण
- विषय सूची
- विषय से संबंधित समस्त दस्तावेज सहित

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in

(1)

क्रमांक /771/अका./ब.वि.वि./2018 जगदलपुर, दिनांक 16/04/2018

प्रति,

.................................................

.................................................

.................................................

.................................................

विषय :– दिनांक 07.04.2018 को आयोजित विद्यापरिषद बैठक की कार्यवृत्त प्रेषण के संबंध मे।

*****

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के विद्यापरिषद की बैठक दिनांक 07.04.2018 को आहूत की गई थी। उक्त बैठक में लिए गए निर्णयों का कार्यवाही विवरण संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्न :-- उपरोक्तानुसार

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक /772/अका./ब.वि.वि./2018 जगदलपुर, दिनांक 16/04/2018

प्रतिलिपि :–

01. सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर की ओर सूचनार्थ।
02. माननीय राज्यपाल महोदय के संयुक्त सचिव, राजभवन, छत्तीसगढ़ राज्य रायपुर की ओर सूचनार्थ।
03. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सी–30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
04. कुलपति के निज सहायक बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
05. समस्त विभाग प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष अध्ययनशाला, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव (अका.)
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक /706 /ब.वि.वि. / 2018 जगदलपुर, दिनांक 10 / 04 / 2018

## //विद्यापरिषद बैठक का कार्यवाही विवरण//

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के विद्या–परिषद की बैठक दिनांक 07.04.2018 को पूर्वान्ह 12.30 बजे विश्वविद्यालय के सभा कक्ष में आहूत की गई। उक्त बैठक का कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार सिंह ,<br>कुलपति,<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री हीरालाल नायक (भा.प्र.से.)<br>कुलसचिव,<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सचिव |
| 3. | डॉ. कोमल सिंह शार्वा, प्राचार्य<br>भानुप्रतावदेव शास.पी.जी. महाविद्यालय, कांकेर | संकायाध्यक्ष<br>कला / विधि संकाय |
| 4. | श्री आई.पी.तिवारी, प्राचार्य<br>श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय,<br>जगदलपुर | संकायाध्यक्ष<br>शिक्षा संकाय |
| 5. | डॉ. आर.के. हिरकने, प्राध्यापक<br>शास. दन्तेश्वरी पी.जी. महाविद्यालय दन्तेवाड़ा | संकायाध्यक्ष<br>वाणिज्य / प्रबंधन संकाय |
| 6. | डॉ. ए.के.दीक्षित, प्राध्यापक<br>शास. इन्द्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्नम | संकायाध्यक्ष<br>समाजिक विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी संकाय |
| 7. | डॉ. शरद नेमा,सह प्राध्यापक<br>अध्ययनशाला ब.वि.वि., जगदलपुर | अध्यक्ष<br>वानिकी एवं वन्यजीव |
| 8. | श्री रमेशचन्द्र जोशी, सहायक प्राध्यापक<br>शास. काकतीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष<br>भू–गर्भशास्त्र |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | श्री बी.एन. सिन्हा, सहायक प्राध्यापक<br>शास. काकतीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष<br>गणित |
| 10. | श्री सुशील कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक<br>क्राईस्ट महाविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष<br>संगणक |
| 11. | डॉ. स्वपन कुमार कोले, सह प्राध्यापक<br>अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष<br>मानवविज्ञान एवं जनजातीय |
| 12. | श्रीमती जयश्री साहू, सहायक प्राध्यापक<br>शास. नवीन महाविद्यालय, केशकाल | अध्यक्ष<br>सूक्ष्मजीव विज्ञान |
| 13. | डॉ. (श्रीमती) रानू मेश्राम, प्राध्यापक<br>शास. काकतीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष<br>राजनीति विज्ञान |
| 14. | डॉ. शिखा सरकार,सहायक प्राध्यापक<br>शास. दन्तेश्वरी पी.जी. महाविद्यालय दन्तेवाड़ा | अध्यक्ष<br>इतिहास |
| 15. | डॉ. एस.आर. बंजारे, सहायक प्राध्यापक<br>भानुप्रतावदेव शास.पी.जी. महाविद्यालय, कांकेर | अध्यक्ष<br>हिन्दी |
| 16. | सुश्री तस्नीम अख्तर, सहायक प्राध्यापक<br>शास.पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष<br>अंग्रेजी |
| 17. | डॉ. डी.एल.पटेल, सहायक प्राध्यापक<br>भानुप्रतावदेव शास.पी.जी. महाविद्यालय, कांकेर | अध्यक्ष<br>भूगोल |
| 18. | श्री सचिन द्विवेदी, सहायक प्राध्यापक<br>श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष<br>शिक्षा |
| 19. | श्री हंसराज रहंगडाले, सहायक प्राध्यापक<br>शास. काकतीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष<br>संस्कृत |
| 20. | डॉ. आनंदमूर्ति मिश्रा, सहायक प्राध्यापक<br>अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सदस्य |
| 21. | डॉ. विनोद कुमार सोनी, सहायक प्राध्यापक<br>अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सदस्य |
| 22. | डॉ. सजीवन कुमार, सहायक प्राध्यापक<br>अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सदस्य |
| 23. | डॉ. सुकृता तिर्की, सहायक प्राध्यापक<br>अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सदस्य |

24. डॉ. व्ही. विजयलक्ष्मी मूर्ति, प्राचार्य — सदस्य
शास. महाविद्यालय, बकावंड

25. डॉ. सरला आत्राम, प्राचार्य — सदस्य
शासकीय महाविद्यालय, सरोना

26. डॉ. जी.एस. सलूजा, प्राध्यापक — सदस्य
शास. काकतीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर

उक्त सम्मिलित सदस्यों का स्वागत किया गया।

## विषय क्रमांक –1

शैक्षणिक सत्र 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 में निम्नलिखित महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता जारी किया गया है :–

वर्ष 2015–16 में संचालित नवीन स्नातक पाठ्यक्रम

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा | विषय / पाठ्यक्रम | सीट संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शासकीय दन्तेश्वरी पी.जी. महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा | B.Sc. -I | विज्ञान संकाय में विषय वानिकी | 60 |
| | **वर्ष 2015–16 में संचालित नवीन स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम** | | | |
| 1 | भानुप्रतापदेव शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर | M.Sc. | वनस्पतिशास्त्र | 25 |
| 2 | शास. महर्षि वाल्मिकी महाविद्यालय, भानुप्रतापपुर | M.Sc. | प्राणीशास्त्र | 20 |
| 3 | शास. अरविन्द महाविद्यालय, किरन्दुल | M.Sc.<br>M.A. | रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र<br>अंग्रेजी | 25<br>30 |
| 4 | शास. गुण्डाधूर महाविद्यालय कोण्डागांव | M.Sc. | रसायनशास्त्र | 25 |
| 5 | शासकीय दन्तेश्वरी पी.जी. महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा | M.Sc. | रसायनशास्त्र | 15 |
| 6 | शासकीय गैंदसिंह महाविद्यालय, पखांजूर | M.A. | समाजशास्त्र | 25 |
| | **वर्ष 2015–16 में संचालित नवीन महाविद्यालय** | | | |
| 1 | नवीन आदर्श महाविद्यालय, जगदलपुर | B.Sc. -I | रसायन, वनस्पति एवं भू–गर्भशास्त्र | 50 |
| 2 | नवीन आदर्श महाविद्यालय, कांकेर | B.Com. -I | सभी अनिवार्य विषय | 50 |
| | **वर्ष 2016–17 में संचालित नवीन स्नातक पाठ्यक्रम** | | | |
| 1 | शासकीय शहीद बापूराव महाविद्यालय, सुकमा | B.Sc. -I | रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, भौतिकशास्त्र, गणित | 60 |
| 2 | शासकीय दण्डकारण्य महाविद्यालय, केशकाल | B.Sc. -I | गणित, भौतिकशास्त्र | 60 |
| 3 | शासकीय शहीद गैंदसिंह महाविद्यालय, चारामा | B.Sc. -I | गणित, भौतिकशास्त्र | 60 |
| 4 | शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर | B.Sc. -I | रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र | 60 |
| 5 | शासकीय गैंदसिंह महाविद्यालय, पखांजूर | B.Com.-I | वाणिज्य | 60 |

(5)

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा | विषय / पाठ्यक्रम | सीट संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | **वर्ष 2016–17 में संचालित नवीन स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम** | | | |
| 1 | शासकीय स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय, नारायणपुर | M.A. | समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, राजनीतिविज्ञान | प्रत्येक के लिए 25 |
| 2 | शासकीय शहीद वेंकटराव महाविद्यालय, बीजापुर | M.A. | अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल | प्रत्येक के लिए 25 |
| 3 | शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा | M.A. | अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, हिन्दी | प्रत्येक के लिए 25 |
| 4 | शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर | M.A. | समाजशास्त्र, अंग्रेजी | प्रत्येक के लिए 25 |
| 5 | क्राईस्ट महाविद्यालय, जगदलपुर | M.Sc. | रसायन,वनस्पतिशास्त्र | प्रत्येक के लिए 15 |
| | **वर्ष 2016–17 में संचालित नवीन महाविद्यालय** | | | |
| 1 | शासकीय नवीन महाविद्यालय, जावंगा | B.A. -I | हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य,भूगोल, राजनीतिविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र | 60 |
| | | B.Sc.- I | रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, भौतिक एवं गणित | 60 |
| | **वर्ष 2017–18 में संचालित नवीन स्नातक पाठ्यक्रम** | | | |
| 1 | शासकीय शहीद गैंदसिंह महाविद्यालय, चारामा | B.Com.- I | सभी अनिवार्य विषय | 40 |
| 2 | शासकीय नवीन महाविद्यालय, भैरमगढ़ | B.Sc. - I<br>B.A. - I | गणित,. भौतिकशास्त्र<br>भूगोल | क्रमशः 30 एवं 20 |
| | **वर्ष 2017–18 में संचालित नवीन स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम** | | | |
| 1 | शासकीय महाविद्यालय, भानपुरी | M.A.<br>M.Sc. | समाजशास्त्र<br>रसायनशास्त्र | 30<br>20 |
| 2 | शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय, भोपाल पटनम | M.A. | राजनीतिविज्ञान | 25 |
| | **वर्ष 2017–18 में संचालित नवीन महाविद्यालय** | | | |
| 1 | शासकीय नवीन महाविद्यालय, कटेकल्याण | B.A.-I | हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य,भूगोल, राजनीतिविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र | 90 |
| | | B.Com.- I | सभी अनिवार्य विषय | 90 |
| | | B.Sc.-I | (बायो समूह) वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, रसायनशास्त्र | 90 |

अतः उक्त प्रकरण सूचनार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप –

शैक्षणिक सत्र 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 में छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के आदेशानुसार तथा विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण समिति की अनुशंसा अनुसार नवीन स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का संबद्धता आदेश जारी किया गया है।

(6)

निर्णय :–

सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक –2

कम्प्यूटर अनुप्रयोग अध्ययनशाला द्वारा प्रेषित प्रस्ताव अनुसार कम्प्यूटर अध्ययनशाला के अन्तर्गत तीन नवीन पाठ्यक्रम (PGDCA एक वर्षीय, PGDe-Governance एक वर्षीय, एवं M.Sc. IT दो वर्षीय) प्रारंभ किये जाने संबंधी प्रस्ताव अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत। (प्रस्ताव एवं सिलेबस संलग्न है।)

विभागीय टीप :–

रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ कर बस्तर अंचल के युवाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने हेतु PGDCA एक वर्षीय, PGDe-Governance एक वर्षीय, एवं M.Sc. IT दो वर्षीय प्रारंभ किया जा सकता है।

निर्णय :–

बस्तर विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में PGDCA एक वर्षीय, PGDe-Governance एक वर्षीय, एवं M.Sc. IT दो वर्षीय पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

विषय क्रमांक –3

छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 29 एवं परिनियम 11 के अनुसार अध्ययन मण्डल को प्राप्त शक्तियों के तहत पाठ्यक्रम संशोधन/संवर्धन एवं अन्य आवश्यक कार्य निष्पादन हेतु दिनांक 25.10.2017 एवं 26.10.2017 को अध्ययन मंडल की बैठक आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में उपस्थित संबंधित विषयों के अध्ययन मंडल के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा आगामी शैक्षणिक सत्र 2018–19 में परिवर्तन किये जाने वाले स्नातक, स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का प्रस्ताव/सुझाव निम्नानुसार प्राप्त हुए है :–

स्नातक

1. रसायनशास्त्र – प्रस्ताव बाद में प्रस्तुत करने संबंधी सुझाव संलग्न है।
2. गृहविज्ञान – बी.ए. भाग तीन में आंशिक परिवर्तन हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए है।
3. विधि – परिवर्तन संबंधी सुझाव संलग्न है।
4. माईक्रोबॉयोलॉजी – प्रस्ताव बाद में प्रस्तुत करने संबंधी सुझाव संलग्न है।

5. वनस्पतिशास्त्र – बी.एससी. द्वितीय वर्ष के प्रथम पेपर में संशोधन संबंधी सुझाव/चर्चा संलग्न है।
6. अर्थशास्त्र – परिवर्तन संबंधी सुझाव संलग्न है।
7. समाजशास्त्र – बी.ए. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में संशोधन संबंधी सुझाव संलग्न है।
9. शिक्षा – पाठ्यक्रम परिवर्तन संबंधी सुझाव संलग्न है।
10. भूगोल – पाठ्यक्रम में आंशिक परिवर्तन करने संबंधी सुझाव संलग्न है।
11. हिन्दी – बी.ए.पाठ्यक्रम में आंशिक परिवर्तन करने संबंधी सुझाव संलग्न है।
12. इतिहास – संशोधन करने संबंधी सुझाव संलग्न है।

स्नातकोत्तरं

1. वानिकी एवं वन्यजीव – संशोधन करने संबंधी प्रस्ताव संलग्न है।
2. वनस्पतिशास्त्र – प्रस्ताव बाद में प्रस्तुत करने संबंधी सुझाव संलग्न है।
3. मानवविज्ञान – संचालित पाठ्यक्रम में दर्शित पुस्तकें/संदर्भग्रंथ उपलब्ध कराये जाने तथा एम.ए./एम.एससी. तृतीय सेमेस्टर के पेपर में सुधार करने एवं अन्य बिन्दुओं पर सुझाव संलग्न है।
4. संस्कृत – स्वाध्यायी पाठ्यक्रम परिवर्तन करने संबंधी सुझाव/प्रस्ताव संलग्न है।
5. हिन्दी – सेमेस्टर पाठ्यक्रम में परिवर्तन करने संबंधी सुझाव संलग्न है।
6. इतिहास – संशोधन करने संबंधी सुझाव संलग्न है।
7. भूगोल – पाठ्यक्रम में आंशिक परिवर्तन करने संबंधी सुझाव संलग्न है तथा स्नातकोत्तर स्तर पर स्वाध्यायी/भूतपूर्व परीक्षार्थियों की विभाग में निर्धारित उपस्थिति एवं प्रायोगिक कार्य की पूर्णता संबंधी अभिलेख महाविद्यालय/विभाग में संधारित किया जावे। तद्संबंधी प्रमाण पत्र विभागाध्यक्ष/प्राचार्य के माध्यम से कुलसचिव विश्वविद्यालय एवं अध्यक्ष, अध्ययनमंडल को प्रेषित किया जावे।
8. अंग्रेजी – संशोधन करने संबंधी सुझाव संलग्न है।

व्यावसायिक

1. पी.जी.डी.सी.ए. – पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में वर्तमान में संचालित पी.जी.डी.सी.ए. पाठ्यक्रम को लागू करने संबंधी प्रस्ताव संलग्न है।

उक्त प्रस्ताव अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत। (सुझाव/प्रस्ताव संलग्न है।)

विभागीय टीप :—

स्नातक पाठ्यक्रमों में से विधि एवं बी.एड. को छोड़कर शेष स्नातक पाठ्यक्रमों में परिवर्तन / संशोधन करने संबंधी प्रस्ताव को आगामी केन्द्रीय अध्ययन मंडल की बैठक में प्रस्ताव प्रेषित किया जा सकता है तथा स्नातकोत्तर एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के संबंधित विषयों के परिवर्तन / संशोधन को मान्य करते हुए अध्ययन मंडल के अध्यक्ष / सदस्यों द्वारा संशोधित पूर्ण सिलेबस तैयार कराया जा सकता है।

निर्णय :—

स्नातक पाठ्यक्रमों में परिवर्तन / संशोधन करने संबंधी प्रस्ताव को आगामी केन्द्रीय अध्ययन मंडल की बैठक में प्रस्ताव प्रेषित किया जाय तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों से संबंधित विषयों के परिवर्तन / संशोधन को मान्य करते हुए अध्ययन मंडल के अध्यक्ष / सदस्यों द्वारा संशोधित पूर्ण सिलेबस तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु अध्ययन मंडल के विषय से संबंधित अध्यक्षों को पत्र प्रेषित किया जाय। साथ ही आगामी शैक्षणिक सत्र 2018—19 से प्रारंभ होने वाले पी.जी.डी.सी.ए. पाठ्यक्रम को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में वर्तमान में संचालित पाठ्यक्रम को बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में यथावत लागू किया जाय।

साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि पी.जी.डी.सी.ए पाठ्यक्रम में Discrete Mathematics विषय अनिवार्य रूप से जोड़े जाने हेतु आगामी अध्ययन मंडल की बैठक में अध्यक्ष / सदस्यों द्वारा प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत जाय।

विषय क्रमांक —4

शासकीय दण्डकारण्य महाविद्यालय, केशकाल में संचालित स्नातक पाठ्यक्रम कला, विज्ञान एवं वाणिज्य को स्थायी संबद्धता प्रदान किये जाने संबंधी प्रस्ताव अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत। (प्रस्ताव संलग्न है)

विभागीय टीप :—

स्थायी संबद्धता प्रदान किये जाने हेतु संशोधित विनियम 129 में (6.1) के अनुसार निरीक्षण समिति गठित कर समिति का निरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त हो गये हैं तथा निरीक्षण समिति के टीप अनुसार उक्त पाठ्यक्रमों की स्थायी संबद्धता दिये जाने हेतु समिति के समन्वयक, सदस्य एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसा की गई है।

निर्णय :—

शासकीय दण्डकारण्य महाविद्यालय, केशकाल में संचालित स्नातक पाठ्यक्रम कला, विज्ञान एवं वाणिज्य को स्थायी संबद्धता दिये जाने हेतु सर्वसम्मति से अनुशंसा की गई।

विषय क्रमांक –5

विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के अध्यादेश क्रमांक 5 के कंडिका 20 (vi) के अनुसार बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के सत्र 2017–18 के विभिन्न परीक्षाओं के आने वाले नकल प्रकरण का निराकरण करने हेतु UFM कमेटी का गठन निम्नानुसार किया जाना है:–

1. कार्यपरिषद का सदस्य – सदस्य
2. संकायाध्यक्ष का सदस्य – सदस्य
3. विद्यापरिषद का सदस्य – सदस्य
4. कुलसचिव – पदेन सचिव

उक्त बिन्दु क्रमांक 01 से 03 तक के सदस्यों में से किसी एक सदस्य को कार्यपरिषद द्वारा UFM कमेटी का अध्यक्ष मनोनित किया जाना है।

उपर्युक्त बिन्दु क्रमांक 1 से 3 तक के सदस्यों का नियुक्ति करने संबंधी प्रस्ताव अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत। (प्रस्ताव संलग्न है)

निर्णय :–

UFM कमेटी के सदस्यों का चयन करने हेतु माननीय कुलपति महोदय जी को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया है।

विषय क्रमांक –6

विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के अध्यादेश क्रमांक 5 के कंडिका 10 के अनुसार समस्त संकाय का रिजल्ट कमेटी का गठन निम्नानुसार किया जाना है:–

(i) Dean of the Faculty Concerned : Chairman
(ii) One Chairman Board of Studies : Member
(iii) One of the Tabulators Co-coordinators if any for examination of the results of which are to be considered by the Committee. Or one Professor : Member
(iv) Registrar : Member Secretary

उपर्युक्त बिन्दु क्रमांक 1 से 3 तक के अध्यक्ष/ सदस्यों का नियुक्ति करने संबंधी प्रस्ताव अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत। (प्रस्ताव संलग्न है)

निर्णय :–

रिजल्ट कमेटी के सदस्यों का चयन करने हेतु माननीय कुलपति महोदय जी को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया है।

विषय क्रमांक –7

मानवविज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला द्वारा प्राप्त प्रस्ताव संलग्न है। अतः उक्त प्रस्ताव अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत। (प्रस्ताव संलग्न है)

निर्णय :–

शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर में संचालित बी.एससी. (विषय –प्राणीशास्त्र, वनस्पति विज्ञान एवं मानव विज्ञान ग्रुप) समूह का सिलेबस अनुसार बस्तर विश्वविद्यालय का सिलेबस अध्ययन मंडल द्वारा तैयार कर पूर्ण प्रस्ताव आगामी केन्द्रीय अध्ययन मंडल की बैठक में प्रस्ताव प्रेषित किया जाय तथा बी.ए. स्नातक के अन्तर्गत मानवविज्ञान विषय प्रारंभ करने हेतु औचित्य पूर्ण प्रस्ताव तैयार कर छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषित करने के लिए विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को विश्वविद्यालय स्तर से पत्र प्रेषित किया जाय।

विषय क्रमांक –8

विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के प्रति व्याख्यान की समय एवं दर में वृद्धि करने संबंधी प्रस्ताव संलग्न है। अतः उक्त प्रस्ताव अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत। (प्रस्ताव संलग्न है)

निर्णय :–

विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के प्रति व्याख्यान हेतु निर्धारित समय 40 / 45 के स्थान पर 01 घंटा तथा प्रति व्याख्यान मानदेय 200 / – के स्थान पर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के अनुसार 300 / – दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

विषय क्रमांक –9

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के अधिसूचना क्रमांक 1549 / अका. / 2016 रायपुर, दिनांक 23.06.2016 के द्वारा भारत सरकार के राजपत्र दिनांक 10 मई 2016 में प्रकाशित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के रेगुलेशन 2016 के अनुसार शैक्षणिक पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए संशोधित / पुनरीक्षित विनियम 122 के अनुसार बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के शैक्षणिक पदों पर संविदा नियुक्ति की गई है। अतः उक्त प्रस्ताव सूचनार्थ प्रस्तुत। (प्रस्ताव संलग्न है)

निर्णय :–

सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक –10

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर निर्णय/चर्चा।

विषय क्रमांक – 1

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से श्री रमेशचन्द्र जोशी, सहायक प्राध्यापक एवं अध्ययन मंडल अध्यक्ष भू–गर्भशास्त्र, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर के द्वारा बस्तर विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर भू–भौतिकी (Geo Physics) विषय प्रारंभ किये जाने के संबंध में चर्चा किया गया।

निर्णय :–

बस्तर विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा स्नातक स्तर पर भू–भौतिकी (Geo Physics) विषय प्रारंभ करने हेतु सेटअप सहित पूर्ण प्रस्ताव तैयार कर छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग को प्रेषित किया जाय तथा इसकी सूचना विश्वविद्यालय को भी दिया जाय ताकि विश्वविद्यालय स्तर पर भी उक्त विषय प्रारंभ करने हेतु पहल किये जाने का निर्णय लिया गया है।

कुलपति 9/5/18
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)